दिन– बुधवार

दिनांक– 06/08/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधि – 15 मिनट

---

01. सर्वोच्च न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को उन पैंसठ लाख मतदाताओं की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है, जिनके नाम विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत काट दिये गये हैं।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बाईस अगस्त को एक दिवसीय दौरे पर गयाजी आ रहे हैं। कई विकास परियोजनाओं की देंगे सौगात। जनसभा को भी करेंगे संबोधित।

03. गंगा नदी के जलस्तर में लगातार बढ़ोत्तरी से पटना, बक्सर, भोजपुर और मुंगेर समेत कई जिलों में बाढ़ की स्थिति गंभीर हुई। मुंगेर में बाढ़ के पानी में डूबने से दो लोगों की मौत।

04. और, मौसम विभाग ने कहा – आठ अगस्त से राज्य में बारिश की गतिविधियों में एक बार फिर आयेगी तेजी। उत्तर बिहार में कई स्थानों पर भारी बारिश का पूर्वानुमान।

---

सर्वोच्च न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को उन पैंसठ लाख मतदाताओं की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है, जिनके नाम मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत काट दिये गये हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुईंया और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने आयोग से कहा कि वे हटाए गए मतदाताओं का विवरण नौ अगस्त तक पेश करें। पीठ ने कहा कि जो डेटा पहले राजनीतिक दलों के साथ साझा की जा चुकी है, उसकी एक प्रति मामले के याचिकाकर्ता एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स को भी उपलब्ध कराई जाए।

---

निर्वाचन आयोग विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के प्रथम चरण की समाप्ति के बाद एक अगस्त को जारी मतदाता सूची के प्रारूप पर दावा–आपत्ति ले रहा है। आयोग की विज्ञप्ति में कहा गया है कि आज सुबह नौ बजे तक प्रारूप सूची पर किसी भी राजनीतिक दल ने दावा–आपत्ति दर्ज नहीं करवाई है। वहीं, आम मतदाताओं की ओर से तीन हजार छह सौ उनसठ दावा–आपत्ति की गई है। उन्नीस हजार एक सौ छियासी लोगों ने नये मतदाता के रूप में पंजीकरण के लिए आवेदन किया है। इस बीच, आयोग ने स्पष्ट किया है कि जिन मतदाताओं के नाम प्रारूप सूची के काटे गए

हैं, उनकी सूची सभी राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट के साथ मतदान केंद्र स्तर पर साझा की गयी है।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बाईस अगस्त को एक दिवसीय दौरे पर गयाजी आ रहे हैं। उप मुख्यंत्री सम्राट चौधरी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर आज पटना में एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। श्री चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री गयाजी से राज्य को कई विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे और एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर कर्तव्य भवन–तीन का उद्‌घाटन किया। श्री मोदी ने कहा कि कर्तव्य भवन सरकार की प्रतिबद्धता और प्रत्येक व्यक्ति की सेवा के निरंतर प्रयासों का प्रतीक है। यह न केवल सरकारी नीतियों और योजनाओं को लोगों तक तेज़ी से पहुँचाने में मदद करेगा, बल्कि राष्ट्र के विकास को भी नई गति प्रदान करेगा। श्री मोदी ने भवन को राष्ट्र को समर्पित करते हुए इसे अत्याधुनिक बुनियादी ढाँचे का एक उदाहरण बताया।

———बाइट———

---

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने आज रेपो दर को पांच दशमलव पांच प्रतिशत पर यथावत बनाए रखने का फैसला किया। हमारे संवाददाता ने बताया है कि जीडीपी दर के अनुमान को साढ़े छह प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है।

———बाइट———

यह निर्णय फरवरी से अब तक की गई सौ आधार अंकों की कटौती के बाद और आगामी त्योहारों से पहले लिया गया है। भारतीय आयात पर अमरीका के शुल्क बावजूद शीर्ष बैंक ने वित्त वर्ष 2025–26 के सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर के अनुमान को 6 दशमलव 5 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। मौजूदा वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति 3 दशमलव एक प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह जून के 3 दशमलव 7 प्रतिशत अनुमान से कम है। हालांकि, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक– सी.पी.आई. के आगामी वित्त वर्ष 2026–27 में 4 दशमलव 9 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। मौद्रिक नीति समिति की बैठक 4 से 6 अगस्त के बीच हुई। मुम्बई से प्रार्थना की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से मैं मुकेश कुमार बल।

---

सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि अश्लील सामग्री प्रसारित करने के आरोप में तैंतालीस ओटीटी प्लेटफार्म को प्रतिबंधित कर दिया गया है।

लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में श्री वैष्णव ने कहा कि ओटीटी प्लेटफार्म पर ऐसी सामग्रियों के नकारात्मक प्रभाव को समाप्त करने के लिए सरकार ने ये फैसला किया है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की समाधि स्थल और जे.पी. गंगा पथ के बीच दस एकड़ भूमि में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद विहार गौरव उद्यान का शिलान्यास किया। **वेस्ट टू वंडर** थीम पर बनने वाले इस उद्यान के निर्माण पर लगभग पंद्रह करोड़ रुपये की लागत आयेगी। शिलान्यास के अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और नगर विकास मंत्री जीवेश कुमार समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

---

जदयू के पूर्व विधायक अनंत सिंह पटना हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद आज बेऊर जेल से रिहा हो गए। वे सात महीने बाद जेल से बाहर आए हैं। बाद में पत्रकारों से बातचीत में अनंत सिंह ने कहा कि वे जदयू के टिकट पर विधानसभा चुनाव लड़ेंगे।

---

मौसम विभाग ने कहा है कि बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के क्षेत्र और चक्रवातीय परिसंचरण के प्रभाव से आठ अगस्त से राज्य में बारिश की गतिविधियों में एक बार फिर तेजी आयेगी। इस दौरान राज्य के उत्तरी हिस्सों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इधर, विभाग ने आज बांका, जमुई और नवादा जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

———बाइट———

---

प्रदेश से होकर गुजरने वाली अधिकतर नदियों के जलस्तर में लगातार बढ़ोत्तरी का सिलसिला जारी है। केंद्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंगा, पुनपुन, सोन, बागमती, कोसी, बूढ़ी गंडक और गंगा नदी कई जगहों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

---

गंगा नदी के जलस्तर में लगातार हो रही बढ़ोत्तरी से पटना जिले के दियारा इलाके बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि दानापुर के पुरानी पानापुर, कासिमचक, हेतनपुर, गंगहारा, पतलापुर, मानस और अकीलपुर पंचायत के विभिन्न गांव बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। हल्दी छपरा–मनेर पथ पर पानी के तेज बहाव के कारण आवागमन प्रभावित हुआ है। दनियांवा में सैकड़ों एकड़ खेत में लगी फसल डूब गई है। दनियांवा–बिहारशरीफ एनएच–तीस ए पर हरिल बिगहा के पास पानी का तेज बहाव हो रहा है।

बक्सर में गंगा नदी का पानी लगातार नये इलाकों में फैल रहा है। चौसा–मोहनिया मार्ग पर बाढ़ का पानी चढ़ने से यातायात प्रभावित हुआ है। जिले के पांच अंचलों की ग्यारह पचांयतों के बाईस गांव आंशिक रूप से बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। इधर, भोजपुर जिले के शाहपुर, बड़हरा और कोईलवर प्रखंड बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित हैं।

---

मुंगेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले के तटवर्ती क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति लगातार गंभीर बनी हुई है।

———रिपोर्ट———

जिले के सदर प्रखंड के कुतलुपुर, जाफरनगर, तारपुर दियारा के रहिया, टीकारामपुर, महुली, नौवागढ़ी उत्तरी और मय पंचायत के कई गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। प्रभावित क्षेत्रों से लोग ऊंचे स्थानों की ओर पलायन करने लगे हैं। बरियारपुर प्रखंड के भी कई गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। इधर, जिला प्रशासन ने छह प्रखंडों में बाढ़ पीड़ितों के लिए बहत्तर शिविर बनाए हैं। वहीं, अड़तीस सामुदायिक रसोई घर की भी व्यवस्था की गयी है। पशुओं के लिए भी इक्कीस आश्रय स्थल बनाए गये हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए मुंगेर से प्रशांत कुमार सिंह।

इधर, जिले के हवेली खड़गपुर प्रखंड क्षेत्र के सठबिग्गी गांव में एक युवक की बाढ़ के पानी में डूबने से मौत हो गयी। वहीं, असरगंज थाना क्षेत्र के रहमतपुर रविदास टोला में डूबने से एक किशोरी की मौत हो गयी, जबकि एक अन्य किशोरी को बचा लिया गया।

---

भागलपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले में बाढ़ की स्थिति लगातार गंभीर बनी हुई है।

———रिपोर्ट———

गंगा नदी में उफान के चलते नाथनगर प्रखंड के बैरिया, शंकरपुर, गोंसाई दासपुर, राघोपुर और बेलखोरिया पंचायत समेत लगभग आधा दर्जन पंचायत बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। वहीं, कहलगांव के दस गांव और सबौर के पांच गांव बाढ़ की चपेट में हैं। पानी बढ़ने के बाद लोग ऊंचे स्थानों पर आशियाना बनाकर रह रहे हैं। इधर, गंगा के जलस्तर में बढ़ोत्तरी को देखते हुए रेलवे ने पुलों और पटरियों की चौकसी बढ़ा दी है। आकाशवाणी समाचार के लिए भागलपुर से विनोद कुमार।

---

हमारे बेगूसराय संवाददाता ने बताया कि गंगा नदी के जलस्तर में लगातार हो रही बढ़ोत्तरी से तटवर्ती क्षेत्रों के लोगों की चिंता बढ़ गई है।

———रिपोर्ट———

गंगा और किऊल नदी के जलस्तर में वृद्धि से नये इलाकों में पानी फैल रहा है। शाम्हो, मटिहानी, बलिया, बछवाड़ा और बरौनी प्रखंड बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित हैं। बलिया के भवानंदपुर पंचायत का शिव नगर गांव चारों तरफ से बाढ़ के पानी से घिर गया है। सादीपुर दियारा जाने वाली मुख्य सड़क पर पानी चढ़ जाने के कारण आवागमन प्रभावित हुआ है। बाढ़ के कारण पशुपालकों और किसानों के समक्ष पशु चारे की समस्या उत्पन्न हो गई है। आकाशवाणी समाचार के लिए बेगूसराय से विजय कुमार झा।

खगड़िया जिले में गंगा, कोसी और गंडक नदी के उफान पर रहने के चलते नये इलाकों में बाढ़ का पानी फैल रहा है। कटिहार जिले में भी बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं है।

---

पटना के फुलवारीशरीफ थाना क्षेत्र में पुलिस के साथ मुठभेड़ में कुख्यात अपराधी रौशन शर्मा घायल हो गया। उसकी निशानदेही पर पांच पिस्तौल, एक सौ कारतूस और एक लाख सड़सठ हजार रुपये बरामद किये गये हैं।

सासाराम परिवहन कार्यालय में करोड़ों रुपये गबन का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में जिला परिवहन पदाधिकारी रामबाबू ने चार कर्मचारियों पर दो करोड़ बावन लाख रुपये गबन के आरोप में नगर थाने में प्राथमिकी दर्ज करवाई है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. सर्वोच्च न्यायालय ने निर्वाचन आयोग को उन पैंसठ लाख मतदाताओं की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है, जिनके नाम विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत काट दिये गये हैं।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बाईस अगस्त को एक दिवसीय दौरे पर गयाजी आ रहे हैं। कई विकास परियोजनाओं की देंगे सौगात। जनसभा को भी करेंगे संबोधित।

03. गंगा नदी के जलस्तर में लगातार बढ़ोत्तरी से पटना, बक्सर, भोजपुर और मुंगेर समेत कई जिलों में बाढ़ की स्थिति गंभीर हुई। मुंगेर में बाढ़ के पानी में डूबने से दो लोगों की मौत।

04. और, मौसम विभाग ने कहा – आठ अगस्त से राज्य में बारिश की गतिविधियों में एक बार फिर आयेगी तेजी। उत्तर बिहार में कई स्थानों पर भारी बारिश का पूर्वानुमान।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।